# डॉ. गर्ग ने पानी की समस्या का निदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए

## मंत्री ने लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास एवं समस्याओं पर चर्चा की

**भरतपुर** 16 अप्रैल। पूर्व मंत्री व जूनून विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने जूनून के दौरे के दौरान शहर के पर्यटन नगर और विजय नगर कॉलोनी में पानी की समस्या की शिकायत के लिए स्थानीय लोगों की पानी की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अन्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास एवं समस्याओं पर चर्चा की।

विधायक डॉ. गर्ग ने जूनून के तीसरे दिन मंहगाया, नौंह, नगला गोपाल, नौगाया, हथैनी, इकरन, नगला परशुराम, जाट मडौली सहित शहरी क्षेत्र के विजय नगर, सार्स नगर, सारस सहित अन्य क्षेत्रों में प्रवेश द्वारों की यात्रा की। साथ ही वे लोगों के दुख-दर्द भी शामिल हैं। डॉक्टर के दौरे के दौरान गर्ग को इंटरव्यू नगर और विजय नगर कॉलोनी के लोगों ने पानी की समस्या से परेशान होकर कहा। जिस पर डॉ. गर्ग ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को एमओयू पर क्रिएटर की पोस्ट के बारे में जानकारी ली और गर्मी के मौसम को देखते हुए नोएडा पानी की समस्या से संबंधित क्षेत्र में ट्यूबेल पत्रिका के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा डॉ. गर्ग ने विभिन्न वास्तुशिल्प कार्यक्रमों में नव दंपत्तियों और उनके भव्य कोमों को स्थापित किया।



पूर्व मंत्री व जूनून विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने क्षेत्र का दौरा कर लोगों के दुख दर्द जाने।

- **गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी की समस्या से संबंधित क्षेत्र में ट्यूबेल लगाने के लिए निर्देशित किया।**

# एक ही रात में चोरों ने आधा दर्जन दुकानों के ताले तोड़कर लाखों की नकदी पर किया हाथ साफ

## कृषि उपज मंड़ी समिति तथा सब्जी मंड़ी में संचालित दुकानों के तोड़े ताले

**श्रीमाधोपुर।** कृषि उपज मंडी समिति श्रीमाधोपुर और वही पर सब्ज़ी मंडी में बीती रात चोरों ने जमकर तांडव मचाया। एक ही रात में छह दुकानों के ताले तोड़े गए। इनमें सब्ज़ी मंडी की पाँच और कृषि मंडी की एक दुकान शामिल है। चोर लाखों की नकदी और माल लेकर फरार हो गए।घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों में दो नकाबपोश बदमाश कैद हुए हैं, जो पेचकस और अन्य औजारों की मदद से अलमारियों और गल्लों के ताले तोड़ते दिखाई दे रहे हैं।

पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया, लेकिन एक साथ इतनी बड़ी चोरी की वारदात ने मंडी में तैनात गार्डों की कार्यशैली और पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यापारियों में भय का माहौल है और उन्होंने मंडी में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

- **सीसीटीवी कैमरे में कैद नकाबपोश चोर।**

लगातार हो रही चोरियों से मंडी व्यवसायियों में आक्रोश है। जानकारी के अनुसार सब्जी मंडी में मंगलचंद मोतीराम फर्म के मालिक मोतीराम ने बताया कि चोरो ने उसकी दुकान के ताले तोड़कर 37 हजार आठ सौ रूपए चुरा ले गए। भागीरथमल मोहनलाल फर्म के राकेश सैनी ने बताया कि चोरो ने उसकी दुकान से 7 हजार, बालाजी फ्रूट सब्जी मर्चेंट के व्यापारी खेमराज सैनी ने बताया कि चोरो ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर 30 हजार रूपए, श्री श्याम फ्रूट कंपनी के व्यापारी सुनील ने बताया कि उसकी दुकान का ताला तोड़कर 17 हजार रूपए और व्यापारी गिरधारीलाल ने बताया कि चोरो ने उसकी दुकान में रखे गल्ले से 15 हजार रूपए चुरा लिए।

वहीं कृषि उपज मंडी समिति में स्थित अनाज व्यापारी बनवारी लाल चौधरी की दुकान से चोर करीब 40 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। इधर चोरी की सुचना के बाद मौकै पर एएसआई मालाराम, कांस्टेबल राजवीर सिंह पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया।

### स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**दौसा।** बसवा थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के दौरान कार्रवाई करते हुए एक किलो 678 ग्राम गांजा व 0.34 ग्राम स्मैक जब्त कर मुलजिम सोनू शर्मा उर्फ राजेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पिछले 3 माह मे अवैध मादक पदार्थ बेचने व खरीदने वालों के खिलाफ यह तीसरी कार्रवाई है।

थानाधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाये गये अभियान में कार्रवाई करते हुये मुलजिम के कब्जे से अवैध 1 किलो 678 ग्राम गांजा व 0.34 ग्राम स्मैक बरामद कर मुलजिम सोनू शर्मा उर्फ राजेश कुमार को गिरफ्तार किया है। आपरेशन क्लीन स्वीप में अवैध मादक पदार्थ परिवहन करने वाला मुलजिम सोनू शर्मा उर्फ राजेश कुमार पुत्र गणेश जाति ब्राह्मण बडा बजार बसवा का रहने वाला है।

# जैन संतों पर हमला, कठोर कार्यवाही करने की मांग

## हमले की घटना से सम्पूर्ण भारत वर्ष के जैन संतों में एवं जैन धर्मावलंबियों में भारी आक्रोश है

**भीलवाड़ा।** मध्यप्रदेश मे जैन संतों पर हुए हमले व हमलावरों द्वारा संतों के साथ अमानवीय कृत्य करने के विरोध में जैन समाज के सदस्यों जैन कोंफ्रेंस राजस्थान के अध्यक्ष आनंद चपलोत के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अपराधियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही करने की माँग की।

ज्ञापन मे बताया की मध्यप्रदेश के सिंगोली के पास कछाला बस स्टेण्ड के आगे हनुमान मन्दिर पर जैन संत बलभद्र मुनि, शैलेश मुनि, मुनीन्द्र मुनि रात्रि विश्राम हेतु रुके हुए थे देर रात्रि मे असामाजिक तत्वों द्वारा जानलेवा हमले का प्रयास करते हुए मारपीट की गई। जिससे संतों का गहरी चोटें पहुँची हैं, इस घटना से सम्पूर्ण भारत वर्ष के जैन संतों में एवं जैन धर्मावलंबियों में भारी आक्रोश है तथा इस घटना से समूचा जैन समाज उद्वेलित हैं इस घटना के बाद जैन समाज की ओर से थाने एफआईआर दर्ज करवाने के बाद अपराधियों की गिरफ्तारियां हुई व अपराधियों मे भय बना रहे, इसलिए उनको आम जनता के बीच पुलिस निगरानी में घुमाया गया है, परन्तु जैन समाज इस कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है हमारा मानना है की इस प्रकार की आपराधिक घटना एक सोची-समझी साजिश के अन्तर्गत की हुई प्रतीत होती है इसलिए गिरफ्तार किये गये अपराधियों के साथ प्रशासन की कठोर कार्यवाही एवं पूछताछ करते हुए उच्च स्तरीय जांच की जाए इससे ही सारी वास्तविकत स्थिति स्पष्ट हो सकेगी, हम सभी इस ज्ञापन के जरिये माँग करते है कि इस घटना पर राजस्थान सरकार द्वारा मध्यप्रदेश शासन को अपराधियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही करने एवं इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाने हेतु आठाह करें, जिससे जैन समाज में उपजे असंतोष को न्याय मिल सके इस अवसर पर जैन कोंफ्रेंस राजस्थान अध्यक्ष आनंद चपलोत, अनुराग नाहर, पंकज मेड़तवाल, अर्पित कोठारी, हेमंत बाबेल, जीतू कठेड, अर्पित चौधरी, राजेश पीपड़ा आदि उपस्थित थे।

### स्मैक सप्लायर्स गिरफ्तार

**करौली।** करौली के लांगरा थाना पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन स्मैक सप्लायर्स को गिरफ्तार किया है।

लांगरा थाना अधिकारी वासुदेव बसवाल ने बताया कि आरोपियों कि पहचान आकाश कुमार गर्ग,गोपेश और धर्मी माली के रूप में हुई है। यह गिरफ्तारी थाना कोतवाली करौली क्षेत्र में दर्ज मामले के आधार पर की गई। पुलिस ने गुप्त सूचना पर भट्टा तिराहा करौली में घेराबंदी कर तीनों को पकडा। पूर्व में गिरफ्तार गजबी प्रजापत और रवि उर्फ सत्यनारायण कि निशानदेही से यह कार्यवाही कि गई। आरोपी रवि से स्मैक खरीदकर छोटी-छोटी पुड़ियों में बांटते थे। फिर इसे करौली,मांसलपुर और आसपास के इलाकों में सप्लाई करते थे। इनका स्मैक का मुख्य स्त्रोत गंगापुर सिटी बताया जा रहा है। थानाधिकारी वासुदेव प्रसाद जाप्ते के नेतृत्व में यह कार्यवाही कि गई।

# बीकानेर में कोल्ड ड्रिंक में नशा मिलाकर महिला से दुष्कर्म

**बीकानेर।** कोल्ड ड्रिंक में नशा मिलाकर एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित महिला ने कोर्ट से इस्तगासे के आधार पर गंगाशहर थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार पीडिता के परिवार को मकान निर्माण के लिये रुपयों की जरूरत थी। महिला अपने ही समाज के अचलाराम सांसी निवासी बायतु, बिंजाराम सांसी और उसके भाई ताजाराम सांसी से मिली।

आरोप है कि रुपए देने का झांसा देकर उन्होंने महिला को जोधपुर बुलाया। वहां से उसे अहमदाबाद ले गए। जहां कोल्ड ड्रिंक में नशा मिलाकर पिला दिया। उसके बाद महिला के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे बालोतरा में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया।

- **पीड़ित महिला ने कोर्ट से इस्तगासे के आधार पर गंगाशहर थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।**

पुलिस के अनुसार यह घटना पिछले साल 27 दिसम्बर से 31 दिसंबर के बीच की बताई जाती है। गंगाशहर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जेईई-मेन एआईआर-1 परीक्षा नौ पारियों में संपन्न हुई

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन (बीई-बीटेक) जो कि इस वर्ष 22 से 29 जनवरी के मध्य 10 तथा अप्रैल माह में 2 से 8 अप्रैल के मध्य 9 पारियों में संपन्न हुई। दोनों पारियों में मिलाकर इस वर्ष इतिहास में सर्वाधिक 15 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने जेईई-मेन परीक्षा दी, परीक्षा का परिणाम ऑल इंडिया रैंक के साथ 17 अप्रैल को जारी किया जाना संभावित हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि इस वर्ष जेईई-मेन के जारी किए गए परिणामों में आल इंडिया रैंक-1 पर कई स्टूडेंट्स आना तय है। इसका कारण जेईई-मेन द्वारा दो विद्यार्थियों के समान टोटल एनटीए स्कोर पर टाई लगने का मैथ्ड्स है। एनटीए द्वारा जारी की गई सूचना के अनुसार दो विद्यार्थियों के टोटल एनटीए स्कोर पर टाइ लगने पर सर्वप्रथम मैथेमेटिक्स का एनटीए स्कोर, इसमें टाई होने पर फिजिक्स, इसके बाद कैमेस्ट्री के एनटीए स्कोर के आधार पर रैंक को प्राथमिकता दी जाएगी। उपरोक्त सभी विषयों में टाई लगने की स्थिति में विद्यार्थियों के कुल सही एवं गलत जवाबों के प्राप्तांकों के अनुपात को देखा जाएगा। इस स्थिति के बाद क्रमशः मैथेमेटिक्स, फिजिक्स एवं कैमेस्ट्री के सही एवं गलत उत्तरों के नम्बर के अनुपात को देखा जाएगा। उपरोक्त सभी स्थितियों में टाई लगने पर विद्यार्थियों की एक समान आल इंडिया रैंक जारी कर दी जाएगी। ऐसी स्थिति में जिन विद्यार्थियों का परफेक्ट स्कोर 300 में से 300 है, उनकी एआईआर-1 जारी होगी।

ऐसे जारी होगी ऑल इंडिया रैंकः- अमित आहूजा ने बताया कि जेईई-मेन के अप्रैल सेशन के जारी किए गए परिणामों में विद्यार्थियों की ऑल इंडिया रैंक, कैटेगरी रैंक के साथ-साथ एडवांस्ड परीक्षा देने की पात्रता भी जारी की जाएगी। ऑल इंडिया रैंक जारी करने के लिए विद्यार्थियों के जनवरी एवं अप्रैल सेशन के हॉयर एनटीए स्कोर को लिया जाएगा। 7 डेसीमल में हायर एनटीए स्कोर के आधार पर ही ऑल इंडिया रैंक जारी की जाएगी। ऑल इंडिया रैंक के साथ-साथ विद्यार्थी जिस कैटेगरी से संबंधित है, उसकी कैटेगरी रैंक जारी होगी। विद्यार्थी के जनवरी एवं अप्रैल के 7 डेसीमल में हायर एनटीए स्कोर के आधार पर एडवांस्ड देने की पात्रता जारी की जाएगी। एडवांस्ड देने की पात्रता कैटेगरी के आधार पर अलग-अलग होगी। जेईई-मेन के आधार पर शीर्ष चुने हुए करीब ढ ाई लाख विद्यार्थी ही एडवांस्ड देने के पात्रता होंगे।

### अगले तीन दिन तक पारा बढ़ने की चेतावनी

**बीकानेर।** अगले तीन दिन तक गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम शुष्क रहने की चेतावनी देते हुए मोसम विभाग ने बीकानेर में पारा 42 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका जताई है। कुछ स्थानो पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस भी जा सकता है। बीकानेर सहित पश्चिमी राजस्थान में तापमान में फिलहाल 19 अप्रैल तक कोई खास राहत की उम्मीद नहीं की जा रही है। न सिर्फ दिन में बल्कि रात में भी ठंडी हवाओं के लिए लोगों को एसी और कूलर का ही सहारा लेना पड़ेगा। रात का तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है।

बीकानेर में बीते चौबीस घंटे में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा है। दोपहर दो बजे के आसपास पारा उच्चतम स्कोर पर पहुंच रहा है, वहीं शाम होते-होते कुछ राहत मिलती है। तापमान में बढ़ ोतरी का सिलसिला अगले कुछ दिन तक जारी रहेगा।

बीकानेर में फिलहाल किसी तरह का पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव नहीं है। ऐसे में तापमान भी कम नहीं होगा। सोमवार की रात राज्य में सबसे गर्म बीकानेर में रही। जब पारा 28.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था।

# गफलत में मरीज के अटेंडेंट को ओ.टी. में ले जाकर लगा दिया चीरा, मचा हड़कंप

## घटनाक्रम के बाद अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है

**कोटा,** (निसं)। मेडिकल कॉलेज कोटा के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में एक मरीज के अटेंडेड को ऑपरेशन थिएटर में ले जाने और चीरा लगा देने का मामला सामने आया हैं। समय रहते गलती पकड़ में आ गई। अब इस घटनाक्रम के बाद अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है। इस मामले के सामने आने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने जांच करने की बात कह रहे हैं। तीन सदस्य जांच कमेटी भी गठित कर दी गई है।

मामले के अनुसार अस्पताल में कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी डिपार्टमेंट में एक मरीज के हाथ में डायलिसिस फिस्टुला बनाना था। यह हाथ में चीरा लगाकर नसों को जोड़कर बनाया जाता है ताकि मरीज की डायलिसिस आसानी से हो सकें। ऑपरेशन थिएटर के बाहर स्टॉफ ने आकर जैसे ही आवाज दी तब इस जगदीश नाम के अटेंडेंट ने हाथ ऊंचा कर दिया।

- **तीन सदस्य जांच कमेटी भी गठित कर दी गई है**

इसके बाद स्टॉफ उसे अंदर ले गया और ऑपरेशन थिएटर पर टेबल पर लेटा दिया।

उसके हाथ में फिस्टुला बनाने के लिए चीरा भी लगा दिया गया। इसी दौरान उसके बेटे का इलाज कर रहे डॉक्टर पहुंच गए। उन्होंने देखा कि यह तो उनके मरीज का अटेंडेंट है। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ और हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद इस मरीज के वापस टांके लगाए गए। उसे ओटी से वापस उसके बेटे के वार्ड में भेज दिया। बाद में जिस मरीज का डायलिसिस फिस्टुला बना था उसका फिस्टुला बनाया गया।

जिस अटेंडर के साथ यह घटना हुई है वह पैरालाइज्ड है। वह ठीक से बोल नहीं पाता है। इसीलिए जब उससे पूछा गया तो वह कुछ भी नहीं बोल पाया और डॉक्टर ने भी प्रोसीजर शुरू कर दिया। दूसरी तरफ ऑपरेशन थिएटर में भी प्रोसीजर फॉलो नहीं हुआ है। ओटी में मरीज को ले जाने के पहले उसे ओटी की ड्रेस पहनाई जाती है लेकिन इस मरीज ने ड्रेस भी नहीं पहनी हुई थी। दूसरी तरफ हाथ में डायलिसिस फिस्टुला बनाने के लिए बाल हटाए जाते हैं और सफाई की जाती है वह भी नहीं हुई थी। इसके बावजूद भी ध्यान नहीं दिया। यह काफी छोटा प्रोसीजर था इसलिए डॉक्टर ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। मामले को लेकर सुपर स्पेशयिलिटी ब्लॉक के कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. विकास खंडेलिया का कहना है कि मरीज की जगह दूसरे मरीज के अटेंडेंट को ऑपरेशन थिएटर में ले जाने के संबंध की सूचना मिली है। कई तरीके की जानकारियां सामने आ रही हैं। जांच के लिए तीन सदस्यों की कमेटी गठित कर दी है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# बीकानेर में आइस-फैक्ट्री से अमोनिया रिसाव

**बीकानेर।** शहर के चौखूंटी क्षेत्र में स्थित एक आइस फैक्ट्री में अमोनिया गैस के रिसाव से आसपास के लोगों की तबीयत बिगड़ गई। हालांकि, समय रहते रिसाव को दुरुस्त कर दिया गया है, लेकिन पुलिस मौके पर पहुंच कर भी वापस निकल गई।

चौखूंटी क्षेत्र में नगर निगम के भंडार के पीछे रामपुरिया आइस फैक्ट्री में ये हादसा हुआ है। सुबह करीब साढ़े नौ बजे लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। इस पर लोगों ने आसपास देखा तो आइस फैक्ट्री से रिसाव की आवाज आ रही थी। यहां वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले महेंद्र ने बताया कि उसकी पत्नी अचानक उल्टी करने लगी तो उसे पड़ोस में रिश्तेदार के घर पर छोड़ कर आया। महेंद्र के साथ कमल ने भी गैस से तबीयत खराब होने का दावा किया।

स्थानीय लोगों का दावा है कि फैक्ट्री में काम करने वाले एक व्यक्ति की भी तबीयत बिगड़ गई थी, जिसे बाद में अस्पताल ले जाया गया है। फैक्ट्री संचालक की की और से कोई अधिकृत बयान नहीं आया है। मौके पर उपस्थित कर्मचारियों ने माना कि रिसाव हो रहा है। क्षेत्र के लोगों ने इस बारे में सदर पुलिस को सूचना दी, पुलिस की एक गाड़ी मौके पर आई। एक पुलिस कर्मी ने फोन करने वालों को डांट लगाई कि उन्हें क्यों बुलाया है। गैस बंद करने का काम हमारा नहीं है। इसके बाद पुलिस की गाड़ी वहां से निकल गई। आसपास रहने वालों का कहना है कि इस आइस फैक्ट्री को तुरंत हटा देने चाहिए। आए दिन इस तरह की घटना होती रहती है। अगर अब इसे नहीं हटाया तो आंदोलन किया जाएगा।

### फैक्ट्री में लगी आग

**टोंक।** कोतवाली क्षेत्र स्थित निजाम बीड़ी फैक्ट्री के वर्कशॉप में बुधवार को अचानक आग लग गई, जिससे वर्कशॉप में रखी बीड़ी के बंडल (पैकेट) जलने लगे तथा धुंआ खिड़कियों आदि से आने लगा तो अफरा-तफरी मच गई। घटना स्थल पर मौजूद लोगो ने पुलिस और दमकल को सूचना दी।

# अकेले व्यक्ति के खिलाफ नहीं चलाया जा सकता भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 7ए का मामला : हाईकोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 7ए के तहत किसी निजी व्यक्ति के खिलाफ तब तक मामला नहीं चलाया जा सकता, जब तक किसी लोक सेवक की मामले में संलिप्तता या सह आरोपी की भूमिका ना हो। इसके साथ ही अदालत ने मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ एसीबी कोर्ट, जयपुर में लंबित आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश प्रमोद शर्मा की आपराधिक याचिका को स्वीकार करते हुए दिए।अदालत ने अपने आदेश में कहा कि एसीबी प्रकरण में तत्कालीन भरतपुर रेंज डीआईजी लक्ष्मण गौड़ की संलिप्तता से इनकार करते हुए एफआर पेश कर चुकी है। वहीं प्रकरण में याचिकाकर्ता निजी व्यक्ति के अलावा अन्य कोई लोक सेवक शामिल नहीं है। ऐसे में केवल एक निजी व्यक्ति के खिलाफ धारा 7ए के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

याचिका में अधिवक्ता राजेष महर्षि ने अदालत को बताया कि कोटा के उद्योग नगर थानाधिकारी चंद्रप्रकाश ने 23 जून, 2020 को एसीबी में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि याचिकाकर्ता ने उसकी पदोन्नित सुनिश्चित करने और उसे चहेतों में शामिल करने के लिए डीआईजी लक्ष्मण गौड़ के नाम पर दस लाख रुपए मांगे। एसीबी ने रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए 24 जून को याचिकाकर्ता को ट्रेप किया और उसकी कार से पांच लाख रुपए बरामद किए। वहीं बाद में एसीबी ने याचिकाकर्ता के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 7ए के तहत आरोप पत्र पेश करते हुए डीआईजी लक्ष्मण गौड़ के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 173(8) के तहत जांच लंबित रखी। याचिका में कहा गया कि एसीबी ने बाद में मामले में लक्ष्मण गौड़ की भूमिका से इनकार करते हुए उन्हें क्लीन चिट देते हुए एफआर पेश कर दी। याचिकाकर्ता की ओर से उसके खिलाफ लंबित आपराधिक कार्रवाई को चुनौती देते हुए कहा गया कि प्रकरण में लोक सेवक को क्लीन चिट दी जा चुकी है। वहीं उसके सिवाय अन्य लोक सेवक मामले में शामिल नहीं है। ऐसे में किसी निजी व्यक्ति के खिलाफ धारा 7ए के तहत आपराधिक कार्रवाई नहीं की जा सकती। जिसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि एसीबी ने जांच के बाद याचिकाकर्ता को दोषी मानकर आरोप पत्र पेश किया था।

# टायर रिट्रेडिंग फैक्ट्री में भीषण आग, क्षेत्र में दहशत

**भीलवाड़ा।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की आजाद नगर कॉलोनी में स्थित कुम्भा सर्किल के निकट बस्ती के बीच संचालित टायर रिट्रेडिंग फैक्ट्री में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई।

भीलवाड़ा। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की आजाद नगर कॉलोनी में स्थित कुम्भा सर्किल के निकट बस्ती के बीच संचालित टायर रिट्रेडिंग फैक्ट्री में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई।

आग से जले टायरों से उठा धुआं देख क्षेत्र में दहशत फैल गई। मौके पर पहुंची 4 दमकलों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। फैक्ट्री संचालक के उदयपुर गये होने से नुकसान का आंकलन नहीं हो पाया। जानकारी के मुताबिक फैक्ट्री हिम्मत सिंह राठौड़ व रणजीत सिंह राठौड़ की आजाद नगर में कुंभा सर्किल क्षेत्र में सम्राट टायर के नाम से टायर रिट्रेडिंग फैक्ट्री हैं।

बताया गया है कि दोनों भाई मां का उपचार करवाने उदयपुर गये हुये थे। फैक्ट्री में वर्कर काम कर रहे थे।



शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की आजाद नगर कॉलोनी में स्थित कुम्भा सर्किल के निकट बस्ती में लगी आग।

- **मौके पर पहुंची 4 दमकलों की मदद से आग पर काबू पा लिया**
- **फैक्ट्री संचालक के उदयपुर गये होने से नुकसान का आंकलन नहीं हो पाया**

इसी दौरान अचानक फैक्ट्री में आग लग गई। इससे वर्कर्स के साथ ही आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर नगर निगम फायर स्टेशन से एक के बाद एक चार दमकल मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

आग से टायर, फर्नीचर आदि जलने कर राख हो गए। वहीं आग लगने के कारणों व नुकसान का आंकलन अभी नहीं हो पाया है। आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है।

### 4.24 लाख टन बजरी का अवैध खनन

**बीकानेर।** यहां अवैध खनन की सूचना पर जिला कलेक्टर की ओर से गठित एसआईटी. दल ने ग्राम झझू के पास बजरी का अवैध खनन पकड़कर 19.11 करोड़ रुपए की पेनल्टी तय की है। एसआईटी मौके पर पहुंची तो दो अलग पीटो में अवैध खनन किया जा रहा था। टीम को देख कर मौके से अवैध खनन करने वाले लोग भाग निकले। मौके पर देखने पर दो एक्सकैवेटर मशीनें एवं तीन डंपरों को जब्त किया गया।

मौके पर कार्यवाही हेतु हल्का पटवारी झझू को बुलवाया गया। दोनों अवैध खनन के पीट वाली भूमि के खातेदार उदाराम, कोजाराम, मानाराम मेघवाल, पप्पूराम सांसी, पाबूराम नायक है।

मौके पर देखने पर दो एक्सकैवेटर मशीनें एवं तीन डंपरों को जब्त किया गया। मौके पर अवैध खनन का नाप किया आगे जिसके अनुसार इन दोनों पीटो से कुल 4.24 लाख टन बजरी का अवैध खनन हुआ जिसपर कुल रूपए 19.11करोड़ की पेनल्टी तय की गई है। तहसीलदार कोलायत दोनों खातेदारी भूमियों को आराजीराज करेंगे।